प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

06.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- केन्द्र सरकार ने सी.आई.आर.एफ. के तहत ऊना व कांगड़ा जिले में दो पुलों के निर्माण के लिए एक सौ 54 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है प्रदेश सरकार।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लाहौल स्पिति जिले के केलंग में प्रदेश की पहली एंटी फ्रींजिंग पेयजल योजना का किया शिलान्यास।

और

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच होगा मुकाबला।

अब समाचार विस्तार से..........

नितिन गडकरी

केन्द्र सरकार ने केंद्रीय सड़क व अवसंरचना निधि के तहत प्रदेश के ऊना और कांगड़ा जिले में दो पुलों के निर्माण के लिए एक सौ 54 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके तहत 50 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से स्वां नदी और पौंग बांध ब्यास नदी पर एक सौ 3 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से पुलों का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि देश में सुगम यातायात के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। नितिन गडकरी ने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित रहा है और इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी.नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ हिमाचल में बुनियादी ढांचे के लिए नई मंजूरियों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। इस बीच केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सेतु बंधन योजना के तहत ऊना जिला के हरोली और कांगड़ा जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक सौ 54 करोड़ रूपए से अधिक की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस मंजूरी के तहत पंडोगा से तयूडी के लिए स्वां नदी और पौंग डैम जसूर से फतेहपुर के लिए ब्यास नदी पर दो पुलों का निर्माण होगा जिससे आवागमन सुगम होगा और रोजगार, व्यापार व पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी इन पुलों के निर्माण के लिए सी.आई.आर.एफ के तहत धनराशि जारी करने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। अग्निहोत्री ने फतेहपुर व हरोली सहित सभी प्रदेशवासियों को दो बड़े पुलों के स्वीकृत होने पर बधाई दी है।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश आकर्षित करने और उद्यमियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शिमला में उनसे मिलने आए बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमण्डल को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के सुदृ ढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। विशेष तौर पर बद्दी क्षेत्र में रेलवे सम्पर्क सुविधा के साथ ही सड़कों के उन्नयन पर बल दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने रेलवे लाईन के शीघ्र निर्माण से संबंधित मामला केन्द्र सरकार के समक्ष भी उठाया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नालागढ़–भरतगढ़ सड़क को फोरलेन में स्तरोन्नत किया जा रहा है जिससे उद्योगों सहित अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बड़े औद्योगिक घराने हिमाचल प्रदेश में निवेश के इच्छुक हैं और राज्य सरकार उन्हें लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनधिमण्डल की उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भी आश्वासन दिया।

<u>सुक्खू</u>

विश्व की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक कम्पनी यूनाइटेड पार्सल सर्विस ने हिमाचल प्रदेश के राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। दुबई स्थित कम्पनी ने राज्य सरकार को प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में दवाईयां और टीके पहुंचाने के लिए ड्रोन तकनीक प्रदान करने की पेशकश की है। इसके अतिरिक्त कंपनी ने सरकार को आवश्यक दवाओं और टीकों की निःशुल्क आपूर्ति का भी आश्वासन दिया है। यूनाइटेड पार्सल सर्विस कम्पनी की वाइस प्रेजिडेंट क्रिस्टिना स्ट्रूलर द कोस्टा और निदेशक दिनकर सिंह ने कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भेंट के दौरान ये बात कही। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा वितरण के दृष्टिगत कम्पनी के इस प्रस्ताव पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग इसके लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करेगा और राज्य सरकार उसी के अनुरूप सेवाओं के सम्बन्ध में उचित निर्णय लेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बरसात के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से जान–माल की व्यापक क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राहत और पुनर्वास के लिए 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज आवंटित किया है।

<u>अग्निहोत्री</u>

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लाहौल स्पिति जिले के दौरे के दूसरे दिन आज केलंग में 22 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से बनने वाली प्रदेश की पहली एंटी फ्रीजिंग पेयजल योजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उप–मुख्यमंत्री ने दो करोड़ 24 लाख रूपए से बनने वाली मंछु

पेयजल योजना की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस योजना के सफल होने पर इस मॉडल को घाटी के अन्य क्षेत्रों में भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों की तर्ज पर जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में समुद्र तल से 10 हजार 4 सौ मीटर उंचाई पर स्थित केलंग में एंटी फ्रीज तकनीक से लोगों को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अटल टनल बनने के बाद घाटी में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिला है और एंटी फ्रीजिंग पेयजल योजना होटल व्यवसायियों के लिए भी मददगार साबित होगी। इस अवसर पर विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि योजना के तहत जमीन से करीब 4 फुट नीचे पाईप लाईन बिछाई जाएगी जिससे पाईपो में पानी नहीं जमेगा।

<u>संगोष्ठी</u>

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने शिक्षा के पुनरूत्थान के लिए मातृ भाषा के प्रचार प्रसार पर बल दिया है। वे आज भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में भारतीय भाषाओं के अंतर संबंध विषय पर आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सुभाष सरकार ने कहा कि भारत बहुभाषी राष्ट्र है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में भारतीय भाषाओं विशेषकर मातृभाषा को शिक्षण–प्रशिक्षण का माध्यम बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार भारतीय भाषाओं को महत्व देने का प्रयास कर रही है ताकि देश में राष्ट्रीयता व समरूपता की भावना बढ़ सके। सुभाष सरकार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अन्य देशों की भाषाओं के साथ समरूपता बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए ताकि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को सार्थक किया जा सके। उन्होंने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस बीच केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

<u>चन्द्र कुमार</u>

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज कुल्लू जिले के बजौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, कटराई में किसान प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयनित भूमि और आलू ग्राउंड मनाली का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को कटराई में किसान प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण का आकलन तैयार कर निदेशालय को भेजने के निर्देश दिये ताकि जिले के किसानों व बागवानों को कृषि की नई तकनीकों के बारे में सुविधा उपलब्ध हो सके। चन्द्र कुमार ने बजौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र को बाढ़ से हुये नुकसान का जायजा लिया और कहा कि ब्यास नदी में आई बाढ़ से बजौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण बजौरा में नर्सरियाँ पूरी तरह से नष्ट हो गईं। बाद में कृषि मंत्री ने आलू ग्राउंड मनाली स्थित सब्जी मंडी को बाढ़ से हुये नुकसान का जायजा भी लिया। उन्होंने मनाली में कृषि विभाग व पशु पालन विभाग कुल्लू के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश सरकार द्वारा किसानों व पशुपालकों के कल्याण के लिए आरम्भ की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुचाने के निर्देश दिये। चन्द्र कुमार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिये।

क्रिकेट मैच

आईसीसी वर्ल्ड कप के तहत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल 7 अक्टूबर को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला होगा। मैच से पहले आज दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एचपीसीए स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। बांग्लादेश टीम के मुख्य कोच चंडिका हतरूसिंघा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि वे इस बार अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि टीम का पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचने का है। मुख्य कोच ने कहा कि वनडे क्रिकेट के लिए धर्मशाला एक बहुत अच्छी विकेट है, इसमें बड़ा स्कोर बनने की उम्मीद है। वहीं अफगानिस्तान टीम के कैप्टन हसमतुल्ला शाहीदी ने कहा कि उनकी टीम ने बंगलादेश के साथ बहुत अधिक मैच खेले है और उनकी टीम मैच अवश्य जीतेगी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- केन्द्र सरकार ने सी.आई.आर.एफ. के तहत ऊना व कांगड़ा जिले में दो पुलों के निर्माण के लिए एक सौ 54 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है प्रदेश सरकार।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लाहौल स्पिति जिले के केलंग में प्रदेश की पहली एंटी फ्रींजिंग पेयजल योजना का किया शिलान्यास।

और

- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच होगा मुकाबला।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।